# अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 30 जुलाई 2025
श्रावण शुक्ल षष्ठी
विक्रम संवत 2082

PAGE NO.- 08 : BOTTOM


# तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट एक अगस्त से

## समापन के बाद तीन अगस्त को होगा पुरस्कार वितरण

बरेली। जिले में एक अगस्त से 12वां श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी परिसर में शुरू होगा। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित यह तीन दिवसीय टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन और डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में होगा।

ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बताया कि 75,000 रुपये नकद पुरस्कार वाले इस टूर्नामेंट में 30 जिलों से करीब 400 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बालक एवं बालिका वर्ग की 12 कैटेगरी में 650 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। इसका शुभारंभ एक अगस्त को दोपहर 11 बजे एसआरएमएस ट्रस्ट के अध्यक्ष देव मूर्ति, टीटीएफआई के पूर्व जनरल सेक्रेटरी अरुण कुमार बनर्जी, और यूपीटीटीए के अध्यक्ष संजीव पाठक करेंगे।

प्रतियोगिता का समापन और पुरस्कार वितरण तीन अगस्त को होगा। डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव डॉ. दीपेंद्र कमथान के अनुसार, टूर्नामेंट में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव, गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा, गौतमबुद्धनगर के श्रीधर जोशी और गाजियाबाद की अवनी त्रिपाठी जैसी शीर्ष खिलाड़ी शामिल होंगी। अंतरराष्ट्रीय ब्लू बैज अंपायर अमित सिंह मुख्य निर्णायक होंगे। संवाद